# देश के विकास में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान : धामी

देहरादून, 8 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित डायरेक्ट सेलिंग महिला उद्यमिता समिट 2025 में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आयी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत की मातृशक्ति प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। सेना, राजनीति, खेल, विज्ञान, कृषि, शिक्षा, उद्योग जैसे अनेक क्षेत्रों में मातृशक्ति द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश की मातृशक्ति के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले लगभग 11 वर्षों में देशभर में 30 करोड़ से अधिक महिलाओं के जन-धन के बैंक खाते खोले गए। देश में लखपति दीदी योजना के माध्यम से 3 करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का संकल्प पूरा करने के साथ ही 30 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुद्रा योजना के अंतर्गत लोन देकर सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के लिए देश की संसद ने लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण देने का कानून पास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भी महिला सशक्तिकरण के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। सरकारी नौकरियों में राज्य की बेटियों को 30 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देकर हर विभाग में उनका उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख तक का ऋण बिना ब्याज के दिया जा रहा है। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत उत्तराखंड 01 लाख से अधिक महिलाएं लखपति बन चुकी हैं। वर्ष 2025 पूर्ण होने तक डेढ़ लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार द्वारा 'सशक्त बहना उत्सव योजना' और 'मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना' जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। इस अवसर पर दिल्ली से सांसद प्रवीण खंडेलवाल, उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति विनय रोहिला एवं डॉ. संजीव कुमार मौजूद थे।



■ आज भारत की मातृशक्ति प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है : मुख्यमंत्री

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट पहुंचे दिल्ली

देहरादून। उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों से मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं राजनीतिक गलियारों की सुर्खी बनी हुई है। इसबीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दिल्ली दौरे पर है। अब इस मामले में एक और बड़ी खबर आ रही है। बताया जा रहा है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को भी दिल्ली बुलाया गया है। बीते दिनों महेंद्र भट्ट साफ कर चुके हैं कि जल्द ही उत्तराखंड में कैबिनेट का विस्तार हो सकता है। कुछ मंत्रियों की कुर्सी जा सकती है। कुछ नए चेहरे पुष्कर सिंह धामी की कैबिनेट में शामिल हो सकते हैं। बीते दिनों एक मंत्री के दिए गए बयान को ढाल बनाकर कुछ संगठन और राजनेता कैबिनेट मंत्री के खिलाफ आक्रोशित हैं। इतना ही नहीं गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने भी कोटद्वार में मंत्री के बयान की निंदा की। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में आलाकमान को जो बताना था वह बता दिया गया है। इससे मतलब साफ है कि प्रदेश की राजनीति में कुछ नेताओं की होली बेरंग तो कुछ नेता रंगों में सराबोर होने वाले हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दिल्ली में कुछ संगठन के नेताओं के साथ-साथ अन्य कुछ कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि वे रविवार की सुबह तक वह देहरादून पहुंच सकते हैं। दूसरी ओर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट दिल्ली पहुंच चुके हैं। रविवार को वह बीजेपी और राज्यसभा से जुड़ी बैठक में शामिल होंगे। महेंद्र भट्ट के मुताबिक सोमवार से सदन की कार्रवाई में पहुंचने के लिए, वह आज ही दिल्ली पहुंचे हैं।